भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 101
(जिसका उत्तर सोमवार, 25 नवंबर, 2024/4 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है)

जाली नोटों में वृद्धि

101. श्री टी. एम. सेल्वागणपति:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नई श्रृंखला के जिन 500 रुपये के नकली नोटों का पता चला है उनकी संख्या वर्ष 2018-19 से 2023-24 के बीच लगभग चौगुनी हो गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह भी सच है कि वर्ष 2020-21 से 2,000 रुपये के नकली नोटों की संख्या तीन गुना हो गई है;

(ग) क्या नकली नोटों के चलन में वृद्धि हुई है जबकि सरकार ने इस बात का दावा किया था कि जाली नोटों का पता चलने में कमी आई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुसार, वर्ष 2018-19 से बैंकिंग प्रणाली में पाए गए/रिपोर्ट किए गए 500 रुपये [महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला] और 2000 रुपये मूल्यवर्ग के जाली नोटों के संबंध में आंकड़े नीचे दिए गए हैं:

मूल्यवर्ग (₹)	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
	(नगों की संख्या)					
500 [महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला]	21,865	30,054	39,453	79,669	91,110	85,711
2000	21,847	17,020	8,798	13,604	9,806	26,035

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, 2000 रुपये के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लिए जाने और बड़ी संख्या में इन नोटों की प्रोसेसिंग के कारण, वर्ष 2023-24 के दौरान, इस मूल्यवर्ग में पाए गए नकली नोटों में वृद्धि हुई है।

(ग) और (घ): भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, बैंकिंग प्रणाली में पाए गए/रिपोर्ट किए गए सभी मूल्यवर्ग के जाली नोटों की कुल संख्या में कमी आई है, जो वर्ष 2018-19 में 3,17,384 नग से घटकर वर्ष 2023-24 में 2,22,639 नग हो गई है।

*****